कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

नेहरू लाल मीना निवासी ग्राम पोस्ट पालून्दा तहसील रामगढ पचवारा जिला दौसा राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा जिला दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 70/2022

निर्णय

दिनांक 15.06.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार दौसा को पत्र कमांक: डीएम/कोर्ट/2022/1264 दिनांक 31.05.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार दौसा ने पत्र कमांक:भू0अ0/2022/2387 दिनांक 14.06.2022 के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना इस कार्यालय को भिजवाते हुए प्रति अपीलांट को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर, दौसा

कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.11.17 10:16:01 IST
Reason: SelfAttested